<u>समाचार</u>

नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत होंगे वायु प्रदूषण नियंत्रण के कार्य
(महापौर एवं आयुक्त केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री की व्ही.सी. में हुए शामिल)

कोरबा 26 मार्च 2021 –भारत सरकार पर्यावरण विभाग के महत्वपूर्ण प्रोग्राम नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत वायु प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में विभिन्न कार्य योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। आज केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर की विशिष्ट उपस्थिति में उक्त विषय पर आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने भाग लिया।

श्री प्रकाश जावडेकर केन्द्रीय मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के संबंध में क्रियान्वित की जाने वाली कार्य योजनाओं की जानकारी प्रदान किए जाने हेतु वीडियो कांफ्रेसिंग का आयोजन किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित व्ही.सी.कक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने व्ही.सी. में भाग लिया। वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण श्री आर.आर.सिंह, निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कैमिस्ट मानिक चंदेल आदि उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री जावडेकर ने बताया कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्रोग्राम नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत वायु प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में विविध कार्य किए जाने हैं, इन कार्यो हेतु केन्द्र सरकार आवश्यक राशि मुहैया कराएगी, जिसके तहत सड़कों का निर्माण तथा सड़कों को धूल मुक्त करने संबंधी कार्यो के साथ–साथ ई–रिक्शा, ई–बस, ई–सायकिल आदि के उपयोग को बढ़ावा देने, इनके उपयोग के लिए जनजागरूकता लाने सहित अन्य विभिन्न कार्य किए जाएंगे। व्ही.सी.के दौरान वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में अपनाये जाने वाले विभिन्न उपायों, किए जाने वाले कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।